# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2022 (ANNUAL)

**323**

## I. A. (TH)

समय : 3 घंटे 15 मिनट

Time :- 3 Hours 15 minutes

**Geography (Elective)**

पूर्णांक – 70

Full marks - 70

**भूगोल (ऐच्छिक)**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 70+20+6=96**

**Total No. of questions : 70+20+6=96**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

***Instructions for the candidates :***

1. परीक्षार्थी उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

   Candidate must enter his/her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.

4. प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

   Extra time of 15 minutes has been allotted for the candidates to read the question paper carefully.

5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है : **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**

   This question paper has two sections : Section-A and Section-B.



BiharboardQuestionpaper.com

6. खण्ड–अ में 70 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें से किन्हीं 35 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। 35 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 35 उत्तरों का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर पत्रक में चयनित विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है; अन्यथा परिणाम अमान्य होगा।

In Section-A, there are 70 objective type questions out of which any 35 questions are to be answered. If more than 35 questions are answered, only the first 35 answers only will be evaluated. Each question carries 1 mark. Darken the selected circle with blue / black ball pen on the given OMR Answer Sheet. Do not use Whitener / liquid / blade / nail etc on OMR Answer Sheet, otherwise the result will be invalid.

7. खण्ड–ब में 20 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

In Section-B, there are 20 Short Answer Type questions out of which any 10 questions are to be answered. Each question carries 2 marks. Apart from these there are 6 Long Answer Type questions in this section out of which any 3 questions are to be answered. Each question carries 5 marks.



BiharboardQuestionpaper.com

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any type of electronic appliance is strictly prohibited.

## खण्ड–अ / Section-A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से सिर्फ एक सही है। अपने द्वारा चुने गये विकल्प को OMR उत्तर पुस्तिका पर चिह्नित करें। सिर्फ 35 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (35x1=50)

Question Nos. 1 to 70 have four options out of which only one is correct. Mark your selected option on the OMR Answer Sheet. Only 35 questions are to be answered. (35x1=50)

1. नवनिश्चयवाद संकल्पना का प्रतिपादन किसने किया ?

(A) अल्बर्ट डिमांजियाँ (B) अल्फ्रेड हेटनर

(C) ग्रिफिथ टेलर (D) फ्रेड्रिक रैटजेल

Who propounded the concept of Neo determinism ?

(A) Albert Demangeon (B) Alfred Hettner

(C) Griffith Taylor (D) Friedrich Ratzel

2. निम्नलिखित में से कौन मानव भूगोल का उपागम नहीं है ?

(A) स्थानिक संगठन (B) प्रादेशिक विश्लेषण

(C) क्षेत्रीय विभेदन (D) मात्रात्मक क्रांति

Which of the following is not an approach in Human geography ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) Spatial organisation (B) Regional analysis

(C) Areal differentiation (D) Quantitative revolution

3. किसने कहा, ''मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।''

(A) रिटर (B) रैटजेल

(C) टेलर (D) एलन सी. सेम्पल

Who said, "Human geography is the study of the changing relationship between the unresting man and the unstable earth."

(A) Ritter (B) Ratzel

(C) Taylor (D) Ellen C. Semple

4. सैन्य भूगोल, मानव भूगोल के किस क्षेत्र का उपक्षेत्र है ?

(A) सामाजिक भूगोल (B) जनसंख्या भूगोल

(C) आर्थिक भूगोल (D) राजनीतिक भूगोल

Military geography is a sub-field of which field of Human geography?

(A) Social Geography (B) Population Geography

(C) Economic Geography (D) Political Geography

5. निम्नलिखित में से कौन क्षेत्र सघन जनसंख्या वाला है ?

(A) भूमध्यरेखीय प्रदेश (B) ध्रुवीय प्रदेश

(C) मरूस्थलीय क्षेत्र (D) दक्षिण पूर्व एशिया

Which of the following is a densely populated region ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) Equatorial region (B) Polar region

(C) Desert region (D) South East Asia

6. निम्नलिखित में कौन जन–स्थानान्तरण का प्रतिकर्ष कारक नहीं है ?

(A) शैक्षणिक सुविधाएँ (B) बेरोजगारी

(C) महामारियाँ (D) जलाभाव

Which of the following is not a push factor of human migration ?

(A) Educational facilities (B) Unemployment

(C) Epidemics (D) Water shortage

7. जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक है :

(A) अफ्रीका में (B) एशिया में

(C) उत्तर अमेरिका में (D) दक्षिण अमेरिका में

The highest growth rate of populatin is in :

(A) Africa (B) Asia

(C) North America (D) South America

8. 1650 ई0 में विश्व की जनसंख्या थी :

(A) 50 करोड़ (B) 60 करोड़

(C) 70 करोड़ (D) 55 करोड़

In 1650 A. D. population of the world was :

(A) 50 crores (B) 60 crores

(C) 70 crores (D) 55 crores



BiharboardQuestionpaper.com

9. निम्नलिखित संख्या में कौन जनसंख्या के कार्यशील आयु वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है ?

(A) 15 से 65 (B) 18 से 60

(C) 18 से 62 (D) 15 से 59

Which of the following figures represents the working age group of population ?

(A) 15 to 65 (B) 18 to 60

(C) 18 to 62 (D) 15 to 59

10. निम्नलिखित देशों में किसका लिंग अनुपात विश्व में सर्वाधिक है ?

(A) संयुक्त अरब अमीरात (B) लैटविया

(C) फ्रांस (D) जापान

Which of the following countries has the highest sex-ratio in the world ?

(A) United Arab Emirates (B) Latvia

(C) France (D) Japan

11. निम्नलिखित में कौन मानव विकास सूचकांक का मापक है ?

(A) स्वास्थ्य (B) शिक्षा

(C) संसाधनों तक पहुँच (D) उपर्युक्त सभी

Which of the following is a measure of Human Development Index?

(A) Health (B) Education



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Access to resources (D) All of the above

12. निम्नलिखित विद्वानों में किसने मानव विकास सूचकांक प्रतिपादित किया है ?

(A) रिटर (B) प्रो0 अमर्त्य सेन

(C) डॉ0 महबूब–उल–हक (D) ई0 सी0 सेम्पल

Who among the following scholars has determined Human Development Index ?

(A) Ritter (B) Prof. Amartya Sen

(C) Dr. Mahbub-ul-Haq (D) E. C. Semple

13. मानव विकास सूचकांक में विश्व के निम्नलिखित देशों में किसकी कोटि उच्चतम है?

(A) नॉर्वे (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) नीदरलैंड (D) जर्मनी

Which of the following countries of the world has the highest rank in the Human Development Index ?

(A) Norway (B) Australia

(C) Netherlands (D) Germany

14. फूलों की कृषि कहलाती है :

(A) मिश्रित कृषि (B) ट्रक फार्मिंग

(C) रोपण कृषि (D) पुष्पोत्पादन

Growing of flower is called :

(A) Mixed farming (B) Truck farming



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Plantation farming (D) Floriculture

15. सहकारी कृषि अधिक सफल रही है :

(A) रूस में (B) डेनमार्क में

(C) नीदरलैंड में (D) भारत में

Co-operative farming has been more successful in :

(A) Russia (B) Denmark

(C) Netherlands (D) India

16. निम्नलिखित में कौन रोपण फसल है ?

(A) रबड़ (B) राई

(C) मक्का (D) गेहूँ

Which of the following is a plantation crop ?

(A) Rubber (B) Rye

(C) Maize (D) Wheat

17. निम्नलिखित में किसे कर्तन–दहन कृषि भी कहते हैं ?

(A) सघन निर्वाह कृषि (B) रोपण कृषि

(C) आदिम निर्वाह कृषि (D) मिश्रित कृषि

Which of the following is also called slash-burn agriculture ?

(A) Intensive subsistence farming

(B) Plantation farming

(C) Primitive subsistence farming

(D) Mixed farming



BiharboardQuestionpaper.com

18. निम्नलिखित में कौन द्वितीयक आर्थिक क्रियाकलाप है ?

(A) खेती (B) आखेट

(C) व्यापार (D) लौह प्रगलन

Which of the following is a secondary economic activity ?

(A) Farming (B) Hunting

(C) Trade (D) Iron smelting

19. निम्नलिखित में कौन कृषि आधारित उद्योग है ?

(A) सीमेन्ट उद्योग (B) लोहा–इस्पात उद्योग

(C) चमड़ा उद्योग (D) जूट उद्योग

Which of the following is an agro based industry ?

(A) Cement industry (B) Iron and steel industry

(C) Leather industry (D) Jute industry

20. निम्नलिखित में कौन वन आधारित उद्योग है ?

(A) कागज उद्योग (B) सीमेन्ट उद्योग

(C) चमड़ा उद्योग (D) गंधक उद्योग

Which of the following is a forest based industry ?

(A) Paper industry (B) Cement industry

(C) Leather industry (D) Sulphur industry

21. खनन क्रियाकलाप है :

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक



BiharboardQuestionpaper.com

Mining activity is :

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

22. निम्नलिखित में कौन पंचम क्रियाकलाप है ?

(A) खेती (B) आखेट

(C) व्यापार (D) बाह्यस्रोतन

Which of the following is a quinary activity ?

(A) Farming (B) Hunting

(C) Trade (D) Outsourcing

23. रेलमार्ग के जाल का सघनतम घनत्व है :

(A) चीन में (B) भारत में

(C) जर्मनी में (D) संयुक्त राज्य अमेरिका में

The highest density of railway network is in :

(A) China (B) India

(C) Germany (D) United Sates of America

24. वृहद ट्रंक मार्ग सम्बन्धित है :

(A) उ0 अटलांटिक समुद्री मार्ग से (B) भूमध्यसागर–हिन्द महासागर मार्ग से

(C) उत्तमाशा अन्तरीप मार्ग से (D) उ0 प्रशान्त समुद्री मार्ग से

Great Trunk Route is related to :

(A) North Atlantic Ocean route

(B) Mediterranean – Indian Ocean route



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Cape of Good Hope route

(D) North Pacific ocean route

25. निम्नलिखित में कौन आंतरिक समुद्री पत्तन नहीं है ?

(A) कोलकाता (B) मैनचेस्टर

(C) ऐथेंस (D) मेम्फिस

Which of the following is not an inland sea port ?

(A) Kolkata (B) Manchester

(C) Athens (D) Memphis

26. लेनिनग्राद किस प्रकार का पत्तन है ?

(A) विस्तृत पत्तन (B) वाणिज्यिक पत्तन

(C) औद्योगिक पत्तन (D) इनमें से कोई नहीं

Which type of port is Leningrad ?

(A) Comprehensive port (B) Commercial port

(C) Industrial port (D) None of these

27. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहाँ है?

(A) जेनेवा (B) वियना

(C) न्यूयार्क (D) वाशिंगटन

Where is the headquarters of World Trade Organization ?

(A) Geneva (B) Vienna

(C) New York (D) Washington

28. चैनल टनल जोड़ता है :



BiharboardQuestionpaper.com

(A) पेरिस को लंदन से (B) लंदन को बर्लिन से

(C) बर्लिन को पेरिस से (D) बार्सीलोना को बर्लिन से

Channel Tunnel connects :

(A) Paris with London (B) London with Berlin

(C) Berlin with Paris (D) Barcelona with Berlin

29. निम्नलिखित दक्षिण अमेरिकी देशों में कौन ओपेक का सदस्य है ?

(A) चिली (B) ब्राजील

(C) पेरू (D) वेनेजुएला

Which of the following South American countries is a member of OPEC ?

(A) Chile (B) Brazil

(C) Peru (D) Venezuela

30. लैटिन अमेरिकन इंटीग्रेशन एसोसिएशन (LAIA) का मुख्यालय कहाँ है ?

(A) जकार्ता (B) मिंस्क

(C) मॉण्टविडियो (D) ब्रुसेल्स

Where is the headquarters of Latin American Integration Association (LAIA) ?

(A) Jakarta (B) Minsk

(C) Montevideo (D) Brussels

31. निम्नलिखित आर्थिक क्रियाओं में कौन ग्रामीण अधिवासों से सम्बन्धित है ?

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक



BiharboardQuestionpaper.com

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

Which of the following economic activities is associated with rural settlements ?

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

32. निम्नलिखित में कौन औद्योगिक नगर है ?

(A) लंदन (B) पिट्सबर्ग

(C) केनबेरा (D) सिंगापुर

Which of the following is an industrial town ?

(A) London (B) Pittsburgh

(C) Canberra (D) Singapore

33. निम्नलिखित में से कौन इथोपिया की राजधानी है ?

(A) कैनबरा (B) लुसाका

(C) अदीस अबाबा (D) नैरोबी

Which of the following is the capital of Ethiopia ?

(A) Canberra (B) Lusaka

(B) Addis Ababa (D) Nairobi

34. निम्नलिखित में कौन परिवहन नगर है ?

(A) सिंगापुर (B) मक्का

(C) लंदन (D) बीजिंग

Which of the following is a transport town ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) Singapore (B) Mecca

(C) London (D) Beijing

35. निम्नलिखित में कौन नियोजित नगर है ?

(A) कैनबरा (B) लाहौर

(C) धनबाद (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is a planned city ?

(A) Canberra (B) Lahore

(C) Dhanbad (D) None of these

36. किस भाषा परिवार की जनसंख्या सबसे कम है ?

(A) द्रविड (B) आस्ट्रिक

(C) भारतीय–यूरोपीय (D) चीनी–तिब्बती

Which linguistic family has the lowest population ?

(A) Dravid (B) Austric

(C) Indian-European (D) Sino-Tibetan

37. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जसंख्या घनत्व था :

(A) 382 व्यक्ति/वर्ग किमी (B) 282 व्यक्ति/वर्ग किमी

(C) 402 व्यक्ति/वर्ग किमी (D) 328 व्यक्ति/वर्ग किमी

As per 2011 cencus, the density of population of India was :

(A) 382 persons/Sq. km (B) 282 persons/Sq. km

(C) 402 persons/Sq. km (D) 328 persons/Sq. km

38. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य की जनसंख्या सबसे कम है?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) नागालैंड (B) मणिपुर

(C) सिक्किम (D) अरूणाचल प्रदेश

As per 2011 census, which state of India has the lowest population?

(A) Nagaland (B) Manipur

(C) Sikkim (D) Arunachal Pradesh

39. 2011 की जनगणना के अनुसार किस राज्य की जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?

(A) महाराष्ट्र (B) बिहार

(C) केरल (D) पश्चिम बंगाल

As per 2011 census, which state has the highest density of population ?

(A) Maharashtra (B) Bihar

(C) Kerala (D) West Bengal

40. किस राज्य में सर्वाधिक संख्या में आप्रवासी आते हैं ?

(A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र

(C) बिहार (D) कर्नाटक

Which state receives the maximum number of immigrants ?

(A) Uttar Pradesh (B) Maharashtra

(C) Bihar (D) Karnataka

41. भारत में पुरूष प्रवास की प्रमुख धारा है :

(A) ग्रामीण से नगरीय (B) नगरीय से ग्रामीण



BiharboardQuestionpaper.com

(C) ग्रामीण से ग्रामीण (D) नगरीय से नगरीय

The main stream of male migration in India is :

(A) Rural to urban (B) Urban to rural

(C) Rural to rural (D) Urban to urban

42. मानव विकास सूचकांक में भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसकी कोटि उच्चतम है ?

(A) पंजाब (B) हरियाणा

(C) तमिलनाडु (D) केरल

Which of the following states of India has the highest rank in Human Development Index ?

(A) Punjab (B) Haryana

(C) Tamil Nadu (D) Kerala

43. निम्नलिखित केन्द्र शासित प्रदेशों में किस की साक्षरता–दर उच्चतम है ?

(A) चंडीगढ़ (B) अंडमान और निकोबार

(C) दमन और दीव (D) लक्षद्वीप

Which of the following Union territories has the highest literacy rate?

(A) Chandigarh (B) Andaman and Nicobar

(C) Daman and Diu (D) Lakshadweep

44. निम्नलिखित नगरों में से कौन नदी तट पर अवस्थित नहीं है ?

(A) आगरा (B) कोलकाता



BiharboardQuestionpaper.com

(C) पटना (D) भोपाल

Which of the following cities is not situated on river bank ?

(A) Agra (B) Kolkata

(C) Patna (D) Bhopal

45. निम्नलिखित में कौन खनन नगर है ?

(A) मथुरा (B) अंबाला

(C) सिंगरौली (D) सहारनपुर

Which of the following is a mining town ?

(A) Mathura (B) Ambala

(C) Singrauli (D) Saharanpur

46. हरित क्रांति सम्बन्धित है :

(A) खाद्यान्न उत्पादन से (B) चाय उत्पादन से

(C) दूध उत्पादन से (D) इनमें से कोई नहीं

Green revolution is related to :

(A) Food grain production (B) Tea production

(C) Milk production (D) None of these

47. निम्नलिखित में कौन रेशेदार फसल नहीं है ?

(A) जूट (B) कपास

(C) कॉफी (D) मेस्टा

Which of the following is not a fibrous crop ?

(A) Jute (B) Cotton



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Coffee (D) Mesta

48. निम्नलिखित राज्यों में कौन चाय उत्पादक नहीं है ?

(A) केरल (B) असम

(C) पश्चिम बंगाल (D) राजस्थान

Which of the following states is not a tea producer ?

(A) Kerala (B) Assam

(C) West Bengal (D) Rajasthan

49. निम्नलिखित में कौन खाद्यान्न है ?

(A) गन्ना (B) कॉफी

(C) मक्का (D) चुकन्दर

Which among the following is a foodgrain ?

(A) Sugarcane (B) Coffee

(C) Maize (D) Sugarbeet

50. निम्नलिखित राज्यों में कौन कपास उत्पादक नहीं है ?

(A) गुजरात (B) हरियाणा

(C) आन्ध्र प्रदेश (D) हिमाचल प्रदेश

Which of the following states is not a cotton producer ?

(A) Gujarat (B) Haryana

(C) Andhra Pradesh (D) Himachal Pradesh

51. निम्नलिखित में कौन भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग है ?

(A) एन0 एच0 27 (B) एन0 एच0 44



BiharboardQuestionpaper.com

(C) एन0 एच0 6 (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is the longest National Highway of India ?

(A) NH 27 (B) NH 44

(C) NH 6 (D) None of these

52. जल है :

(A) जैव संसाधन (B) अजैव संसाधन

(C) अनवीकरणीय संसाधन (D) इनमें से कोई नहीं

Water is :

(A) Biotic resource (B) Abiotic resource

(C) Non-renewable resource (D) None of these

53. केन्द्र सरकार का ''हरियाली प्रोजेक्ट'' सम्बन्धित है :

(A) वायु संरक्षण से (B) जल संरक्षण से

(C) (A) और (B) दोनों से (D) इनमें से कोई नहीं

Central Government's "Hariyali Project" is associated with :

(A) Air conservation (B) Water conservation

(C) Both A and B (D) None of these

54. निम्नलिखित में कौन ऊर्जा का अनवीकरणीय स्रोत है ?

(A) तापीय ऊर्जा (B) जलविद्युत ऊर्जा

(C) पवन ऊर्जा (D) सौर ऊर्जा

Which of the following is non-renewable source of energy ?

(A) Thermal energy (B) Hydel energy



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Wind energy (D) Solar energy

55. हीराकुड परियोजना अवस्थित है :

(A) ओडिशा में (B) छत्तीसगढ़ में

(C) मध्य प्रदेश में (D) झारखंड में

Hirakud Project is located in :

(A) Odisha (B) Chhattisgarh

(C) Madhya Pradesh (D) Jharkhand

56. निम्नलिखित राज्यों में किसमें काकरापार नाभिकीय ऊर्जा केन्द्र अविस्थत है ?

(A) महाराष्ट्र (B) कर्नाटक

(C) गुजरात (D) राजस्थान

In which of the following states is Kakrapar atomic power centre located ?

(A) Maharashtra (B) Karnataka

(C) Gujarat (D) Rajasthan

57. खेतड़ी ताँबा क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

(A) मध्य प्रदेश (B) झारखंड

(C) गुजरात (D) राजस्थान

In which state is Khetri copper field located ?

(A) Madhya Pradesh (B) Jharkhand

(C) Gujarat (D) Rajasthan

58. बोकारो इस्पात केन्द्र है :



BiharboardQuestionpaper.com

(A) मिश्रित क्षेत्र में (B) निजी क्षेत्र में

(C) सार्वजनिक क्षेत्र में (D) इनमें से कोई नहीं

Bokaro steel centre is in :

(A) Mixed sector (B) Private sector

(C) Pulic sector (D) None of these

59. निम्नलिखित कोयला खदानों में कौन झारखंड में नहीं है ?

(A) बोकारो (B) गिरीडीह

(C) झरिया (D) सिंगरौली

Which of the following coal mines is not in Jharkhand ?

(A) Bokaro (B) Giridih

(C) Jharia (D) Singrauli

60. निम्नलिखित राज्यों में से किस में प्रमुख तेल क्षेत्र स्थित हैं ?

(A) राजस्थान (B) बिहार

(C) असम (D) तमिलनाडु

In which of the following states are the major oil fields located ?

(A) Rajasthan (B) Bihar

(C) Assam (D) Tamil Nadu

61. नई औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई ?

(A) 1981 (B) 1991

(C) 2001 (D) 1993

When was the new industrial policy announced ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) 1981 (B) 1991

(C) 2001 (D) 1993

62. निम्नलिखित में कौन औद्योगिक अवस्थापना का प्रमुख कारक है ?

(A) बाजार (B) पूँजी

(C) ऊर्जा (D) इनमें सभी

, Which of the following is the main factor of industrial location?

(A) Market (B) Capital

(C) Energy (D) All of these

63. भारत में वायु परिवहन सेवा की शुरूआत हुई थी :

(A) 1947 में (B) 1911 में

(C) 1921 में (D) 1935 में

Air transport in India was introduced in :

(A) 1947 (B) 1911

(C) 1921 (D) 1935

64. निम्नलिखित में कौन पूर्व मध्य रेलवे मंडल का मुख्यालय है ?

(A) इलाहाबाद (B) कोलकाता

(C) गोरखपुर (D) हाजीपुर

Which of the following is the headquarters of East-Central Railway zone ?

(A) Allahabad (B) Kolkata

(C) Gorakhpur (D) Hajipur



BiharboardQuestionpaper.com

65. उत्तर–दक्षिण गलियारा जोड़ता है :

(A) जम्मू को तिरूवनन्तपुरम से (B) बारामुला को कन्याकुमारी से

(C) श्रीनगर को कन्याकुमारी से (D) श्रीनगर को नागरकोइल से

North-South Corridor connects :

(A) Jammu with Thiruvananthapuram

(B) Baramula with Kanyakumari

(C) Srinagar with Kanyakumari

(D) Srinagar with Nagercoil

66. तूतीकोरिन पत्तन स्थित है :

(A) केरल में (B) तमिलनाडु में

(C) कर्नाटक में (D) आंध्र प्रदेश में

Tuticorin port is located in :

(A) Kerala (B) Tamil Nadu

(C) Karnataka (D) Andhra Pradesh

67. अम्ल वर्षा का कारण है :

(A) जल प्रदूषण (B) ध्वनि प्रदूषण

(C) वायु प्रदूषण (D) भूमि प्रदूषण

Cause of acid rain is :

(A) Water pollution (B) Noise pollution

(C) Air pollution (D) Land pollution

68. 2010–11 में निम्नलिखित में से कौन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) जर्मनी (B) चीन

(C) यू0 ए0 ई0 (D) स0 रा0 अमेरिका

Which of the following was India's largest trading partner in 2010-11 ?

(A) Germany (B) China

(C) U.A.E. (D) U.S.A.

69. ध्वनि प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है :

(A) उद्योग (B) मोटर वाहन

(C) लाउडस्पीकर (D) इनमें से सभी

The main source of noise pollution is :

(A) Industry (B) Motor Vehicle

(C) Loudspeaker (D) All of these

70. प्रतिकर्ष और अपकर्ष कारक उत्तरदायी हैं :

(A) प्रवास के लिए (B) वायु प्रदूषण के लिए

(C) गंदी बस्तियों के लिए (D) इनमें से सभी

Push and Pull factors are responsible for :

(A) Migration (B) Air pollution

(C) Slums (D) All of these



BiharboardQuestionpaper.com

## <u>खण्ड–ब / Section-B</u>

## <u>लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)</u>

प्रश्न संख्या 1 से 20 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। (10x2=20)

Question nos. 1 to 20 are Short Answer Type. Answer any 10 questions. Each question carries 2 marks. (10x2=20)

1. मानव भूगोल के चार उप–क्षेत्रों के नाम लिखें।

   Name four sub-sectors of Human geography.

2. प्रवास से सम्बन्धित किन्हीं दो प्रतिकर्ष कारकों का उल्लेख करें।

   Mention any two push factors related to migration.

3. लिंग संरचना से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by sex composition ?

4. रोपण कृषि की किन्हीं चार फसलों के नाम लिखिए।

   Name any four crops of Plantation farming.

5. सहकारी कृषि क्या है ?

   What is co-operative farming?

6. दो चतुर्थक आर्थिक क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिए।

   Mention two quaternary economic activities.

7. साइबरस्पेस इंटरनेट क्या है ?

   What is cyberspace internet ?



BiharboardQuestionpaper.com

8. स्थान एवं स्थिति के मध्य अन्तर बताएँ।

Distinguish between site and situation.

9. पार–कैनेडियन रेलमार्ग की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख करें।

Mention any four characteristics of Trans-Canadian Railway.

10. वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों का उल्लेख करें।

Mention the main sources of air pollution.

11. मुख्य श्रमिक और सीमान्त श्रमिक में अन्तर स्पष्ट करें।

Differentiate between main worker and marginal worker.

12. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में दो सघतम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य कौन हैं ?

According to 2011 census, which are the two states having the highest density of population in India ?

13. फसल गहनता की गणना कैसे की जाती है?

How is cropping intensity calculated ?

14. उत्तर भारत में सिंचाई के मुख्य स्रोत क्या हैं ?

What are the main sources of irrigation in north India?

15. ऊर्जा के नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय स्रोतों में अन्तर स्पष्ट करें।

Distinguish between renewable and non-renewable sources of energy.

16. गुजरात के चार प्रमुख सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रों के नाम लिखें।

Name four main centres of cotton textile industry of Gujarat.



BiharboardQuestionpaper.com

17. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत करें।

Classify industries on the basis of ownership.

18. पत्तन और पोताश्रय में अन्तर बताइए।

Distinguish between port and harbour.

19. चीनी उद्योग मौसमी उद्योग क्यों है ?

Why is sugar industry a seasonal industry ?

20. भू–निम्नीकरण से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by land degradation ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 21 से 26 दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। (3x5=15)

Question nos. 21 to 26 are Long Answer Type. Answer any 3 questions. Each question carries 5 marks. (3x5=15)

21. रोपण कृषि की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe the characteristics of Plantation agriculture.

22. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त की विवेचना कीजिए।

Discuss Demographic transition theory.

23. भारत के आर्थिक विकास में रेलवे की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of railway in the economic development of India.

24. भारत में चाय के उत्पादन एवं वितरण का विवरण दीजिए।



BiharboardQuestionpaper.com

Give an account of production and distribution of tea in India.

25. भारत में खनिज तेल क्षेत्रों के वितरण का वर्णन कीजिए।

Describe the distribution of mineral oil fields in India.

26. भारत का मानचित्र बनाइए और निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(A) पारादीप

(B) नेवेली

(C) कानपुर

(D) बोध गया

इ. महानदी

Draw a map of India and show the following :

(A) Paradip

(B) Neyveli

(C) Kanpur

(D) Bodh Gaya

(E) Mahanadi

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com